राजकीय महाविद्यालय भरमौर में 20 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य सुग्रीव कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें महाविद्यालय के भवन की साफ़-सफाई की गयी | इस स्वच्छता अभियान में NSS के स्वयं सेवकों के साथ-साथ महाविद्याल के सभी छात्र- छात्राओं एवं अध्यापकों ने भाग लिया । महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. हेमंत पाल जी ने सभी छात्र – छात्राओ को संबोधित किया | अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की भूमिका के बारे में अवगत करवाया | इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यार्थी जीवन में साफ़-सफाई की भूमिका पर भी प्रकाश डाला |